**नीतीश मिश्रा**
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

**सदस्य**
**बिहार विधान सभा**

**Ref: 379/2021**
**Dt- 13-9-2021**

**मंडल रेल प्रबंधक,**
**समस्तीपुर।**

विषय–**सकरी–निर्मली रेलखंड पर तमुरिया स्टेशन तक अमान परिवर्तन कार्य संपन्न होने के उपरांत दरभंगा–झंझारपुर डेमू सवारी गाड़ियों का परिचालन तमुरिया तक कराने एवं उनकी फेरे बढ़ाने के संबंध में।**

**महाशय,**

सकरी–निर्मली रेलखंड में विगत 5 वर्षों से अमान परिवर्तन का कार्य जारी है। पिछले 1 वर्ष से तमुरिया स्टेशन तक अमान परिवर्तन का कार्य पूर्ण होने के उपरांत अभी तक डेमू सवारी गाड़ी का परिचालन प्रारंभ नहीं किया गया है, जिससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही आमजनों को समय के साथ धन की बर्बादी भी हो रही है।

वर्त्तमान में दरभंगा से झंझारपुर के बीच एक जोड़ी डेमू सवारी गाड़ी का परिचालन किया जा रहा है। जिसका विस्तार तमुरिया स्टेशन तक करने की मांग स्थानीय लोगों द्वारा की जाती रही है।

ट्रेन परिचालन हेतु क्षेत्रीय विकास समिति, तमुरिया के तत्वावधान में स्थानीय आमजनों द्वारा तमुरिया स्टेशन परिसर में अनिश्चितकालीन धरना 12.9.2021 के दिया जा रहा है। इनकी मांगों में पूर्व से झंझारपुर तक संचालित एक जोड़ी डेमू सवारी गाड़ी (दरभंगा–झंझारपुर) का परिचालन तमुरिया स्टेशन तक कराने एवं इनके फेरे बढ़ाने की मांग मुख्य है।**(धरनास्थल की छायाचित्र संलग्न)**

इस संबंध में मैंने पूर्व में पत्रांक 12/2021 दिनांक 6.1.2021 के माध्यम से महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर को आग्रह पत्र भी प्रेषित किया है।

अतः अनुरोध है कि स्थानीय निवासियों के कठिनाईयों को दृष्टिगत करते हुए दरभंगा–झंझारपुर डेमू सवारी गाड़ी का परिचालन तमुरिया स्टेशन तक कराने एवं उनके फेरे बढ़ाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

**शुभकामनाओं के साथ!**

भवदीय

Nitish Mishra

**(नीतीश मिश्रा)** 13·9·21
ईमेल–mla-jjpur-bih@nic.in

**संलग्न**–पत्रांक 12/2021 दिनांक 6.1.2021 के पत्र एवं धरनास्थल की छायाचित्र।

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in

**नीतीश मिश्रा**
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

**सदस्य**
बिहार विधान सभा


Ref: 12/2021
Dt- 06-01-2021

महाप्रबंधक,
पूर्व मध्य रेल,
हाजीपुर।

**विषयः– समस्तीपुर रेल मंडल के अन्तर्गत, झंझारपुर रेलखंड की बेहतर स्थिति एवं कुछ समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट करने के संबंध में।**

महाशय,

मौजूदा हालात में मिथिला की धरती पर रेल मंत्रालय द्वारा किये जा रहे लगातार कार्यों की सराहना हम मिथिलावासी कर रहें है। सकरी–निर्मली रेलखंड में सकरी से झंझारपुर तक बड़ी रेल लाइन में अमान परिवर्तन कर रेल परिचालन का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए धन्यवाद के पात्र हैं। पूर्व रेलमंत्री स्व0 ललित बाबू के सपनों को साकार करने के लिए रेलवे की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। बेहतर रेल सेवा के लिए निम्नलिखित सुझाव पर ध्यान देने की आवश्यक्ता हैं, जो जनहित में सर्वोपरि हैः–

1. दरभंगा–झंझारपुर के बीच फिलहाल एक जोड़ी डेमू सवारी गाड़ी (गाड़ी संख्या 05579 एवं 05580) का परिचालन किया जा रहा है, जो कि सराहनीय हैं लेकिन जनाकांक्षाओं को देखते हुए इसकी संख्या एवं उनकी फेरे बढ़ाने की आवश्यक्ता है।
2. झंझारपुर से तमुरिया तक अमान परिवर्तन होने के पश्चात उक्त डेमू सवारी गाड़ी का परिचालन तमुरिया तक बढ़ाया जा सकता है।
3. झंझारपुर– लौकहा रेलखंड में बड़ी लाईन में अमान परिवर्तन जारी रहनें से आवागमन बाधित है, इसे प्राथमिक्ता देते हुए जल्द कार्य पूरा कर रेल परिचालन कराना जनहित में आवश्यक हैं।
4. यह रेलखंड अमान परिवर्तन के बाद पूरी तरह राज्य एवं देश के प्रमुख स्टेशनों से जुड़ गया है, जहाँ आवागमन हेतु एक्सप्रेस आदि ट्रेने चलायी जा सकती है। ज्ञात है कि पिछले दिनों माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा कोशी रेल महासेतु का लोकार्पण भी किया जा चुका है।

अतएव अनुरोध है कि मिथिलावासियों की जनाकाक्षांओं को देखते हुए उपरोक्त सुझावों पर समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे।

**नव वर्ष की मंगलकामनाओं के साथ!**

भवदीय

Nitish Mishra
(नीतीश मिश्रा) 6.1.2021


112, कौटिल्य नगर, पटना 800014


WAITIN
क्षेत्रीय विकास समिति तमुरिया
के तत्वाधान में ट्रेन परिचालन हेतू
अनिश्चित कालीन धरना
दिनांक
12.09.2021
स्थानः- तमुरिया स्टेशन परिसर